सार-समाचार

किला शरीफ में सालाना उर्स हुआ

जालोर, (कासं)। शहर के ऐतिहासिक किला शरीफ स्थित हजरत शहीद ख्वाजा मीरा मलिक शाह दातार का सालाना उर्स गुरुवार रात्रि को बड़े ही शान-शोकत के साथ मनाया गया। इस मौके पर बाद नमाजे असर निशान व चादर की रस्म अदा की गई द्य वही बाद नमाजे ईशा महफिलें मिलाद शरीफ का नूरानी आयोजन हुआ जिसमें शहर के तमाम उलेमाओं ने शिरकत कर हुजूर की शान में नाते रसूल व उनके अच्छे अखलाक के बारे में बता कर मजमे में नूर भर दिया इसके पश्चात सूफियाना रंग में रंगी महफिलें कव्वाली में हिंदुस्तान के मशहूर फनकार कव्वाल नुसरत कादरी कपासन ने बेहतरी कौमी एकता पर कलामात पेश कर उपस्थित जायरीनों को झूमने पर मजबूर कर दिया द्य साथ ही आस्ताना पगडीबंध कव्वाल इरफान तुफैल एण्ड पार्टी जोधपुर ने खूबसूरत अंदाज में सूफियाना कलाम पेश कर शमा बांधा। उर्स में जिले व उसके आसपास के जायरीनों ने बडी तादाद में शिरकत की दरगाह कमेटी द्वारा उर्स में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए लंगर की माकूल व्यवस्था की , दरगाह के अध्यक्ष आसिफ खोखर एवं इंतजामिया कमेटी ने उर्स में आने वाले सभी अकीदतमंदों का खैरमकदम किया यह उर्स न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है बल्कि आपसी भाईचारे,प्रेम, सोहार्द एवं कौमी एकता का प्रतीक बनकर हर वर्ष उर्स मुबारक पर समाज को भाईचारे के साथ जोडने की मिशाल पेश कर कार्य करता है। इस मौके पर दरगाह कमेटी अध्यक्ष आसिफ खोखर,नवाब खान सिलावट,मुजावर हुसैन कुरेशी, शाकिर अली सैयद, मुस्ताक मेहर, माजिद मलिक, जावेद मेवाती, वाजिद अली ,अशफाक खान, आदम, नाहिद अली ,इमरान अली, मोहसिन खान, कलीम नागोरी जालौर की कई मौजूद लोग उपस्थित रहे।

गैबनशाह गाजी का उर्स शुरू

जालोर, (कासं) । जालोर शहर के वीरमदेव चौक स्थित दरगाह हजरत शहीद गैबन शाह गाजी रहमतुल्लाह अलेह का सालाना दो दिवसीय उर्स का आगाज 3 अप्रैल से चादर जुलूस के साथ हुआ । 4 अप्रैल को कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित होगा। हिन्दू मुस्लिम कौमी एकता के रूप मे प्रसिद्ध गैबनशाह गाजी के आस्ताने पर अकीदतमंद बडी संख्या में शिरकत कर रहे है। दरगाह कमेटी के मुजफ्फर अली सैय्यद ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजरत गैबनशाह गाजी का उर्स बडी शानो शौकत के साथ मनाया जा रहा है। शुक्रवार को शाम को ढोल ताशो के साथ चादर जुलूस निकाला गया। जुलूस में मलंगो ने कई हैरत अंगेज करतब दिखाये। जुलूस विभिन्न मार्गो से होता हुआ गैबनशाह गाजी की दरगाह पहुंचा। जहां हजरत गैबनशाह गाजी की दरगाह पर चादर व फूल पेश कर देश में अमन एवं चैन व खुशहाली की कामना की। उर्स को लेकर दरगाह में जायरीनो की भीड नजर आई। वही दूसरे दिन 4 अप्रैल को रात्रि कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित होगा । जिसमें मशहूर फनकार जुबेर नईम अजमेरी (मुंबई) अपनी बहतरीन कव्वालियों की प्रस्तुति देंगे। वहीं दरगाह के पगडी बंध कव्वाल इरफान तुफैल एंड पार्टी, जोधपुर द्वारा शानदार कव्वालियां पेश की जाएंगी। 5 अप्रैल को सुबह 5 बजे गुस्ल की रस्म अदा की जाएगी, इसके बाद कुल की रस्म और नियाज तकसीम के साथ उर्स का समापन होगा। उर्स के दौरान देश-प्रदेश के नामी उलेमा-ए-किराम, शायर और फनकार अपनी हाजरी दर्ज कराएंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए इंतजामिया कमेटी द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं।

भाजपा का मंडल प्रशिक्षण शिविर शुरू

जैसलमेर, (नि.सं.)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय नगर मंडल प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विधायक छोटूसिंह भाटी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के राष्ट्रवादी विचारों, एकात्म मानववाद की अवधारणा एवं देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान को विस्तार से रखते हुए कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों पर चलने का आ ान किया। साथ ही उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने जिले के समठा विकास हेतु लगभग 7सौ करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, सड़कों एवं खेलों के क्षेत्र में व्यापक विकास कार्य किए जा रहे हैं। शहर के सौंदर्यीकरण, पर्यटन विकास और आमजन की सुविधा के लिए पार्किंग, सड़कों के उन्नयन एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं का विस्तार किया गया है, जिससे जैसलमेर के विकास को नई गति मिली है। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सारदा ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर अपने विचार रखते हुए इसे संगठन की मजबूती का आधार बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का आ ान किया।

संबोधि धाम में अभिनंदन समारोह आज

जोधपुर, (कासं) । राष्ट्रसंत ललितप्रभ सागर महाराज, राष्ट्रसंत चंद्रप्रभ सागर महाराज और डॉ मुनि शांति प्रिय सागर महाराज के सानिध्य में 4 अप्रैल, शनिवार को प्रात: 9.30 बजे संबोधि धाम, कायलाना रोड़ पर दीक्षार्थी अभिनंदन समारोह का आयोजन होगा। संबोधि धाम के अध्यक्ष अशोक पारख और महासचिव देवेंद्र गैलड़ा ने बताया कि समारोह के आयोजक चंपालाल शकुंतला गुलेच्छा के अनुसार मात्र 13 वर्ष की उम्र में आगम गुलेच्छा पालीताणा तीर्थ में 23 अप्रैल को दीक्षा लेंगे। इस अवसर पर संबोधि धाम में ट्रस्ट मंडल और नगर वासियों द्वारा उनका सम्मान एवं अनुमोदना कार्यक्रम आयोजित होगा। दीक्षार्थी आगम गुलेच्छा विजयवाड़ा में जन्मे और सूरत निवासी हैं। वे पिछले 5 वर्षों से जैन धर्म के शास्त्रों का अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने पांच प्रतिक्रमण, चार प्रकरण, चार कर्म ठांथ, सात स्मरण, तीन भाष्य आदि अनेक ग्रंथों का अध्ययन किया है।

कई स्थानों से बाइक चोरी

जोधपुर, (कासं) । शहर में अलग अलग स्थानों पर हुई बाइक चोरी के प्रकरण पुलिस में दर्ज हुए। उदयमंदिर थाने में दी रिपोर्ट में रजासनी निवासी सत्यनारायण पुत्र नारायणराम माली ने पुलिस को बताया कि वह रोडवेज बस स्टेण्ड पर आया था। जहां पर खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुराकर ले गया। इसी तरह बनाड़ निवासी राकेश पुत्र ओमराम जाट ने पुलिस को बताया कि 1 अप्रेल को वह मिनर्वा सेंटर आया था, जहां पर बाहर से उसकी बाइक चोरी हो गई। इधर प्रतापनगर सदर थाने में दी रिपोर्ट में धड़ाबास महामंदिर निवासी मनीष सांखला पुत्र सुरेश माली ने पुलिस को बताया कि 2 अप्रेल को वह यूनियन बैंक ऑफ इंडिया चौपासनी रोड पर गया जहां बैंक के बाहर खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुराकर ले गया।

द्वितीय रक्तदान शिविर आयोजित

जोधपुर, (कासं) । सरकारी अस्पतालों में रक्त की कमी को देखते हुए अखिल मारू लोहार प्रांतीय विकास संस्थान का द्वितीय रक्तदान शिविर शुक्रवार को गीता भवन रोड स्थित श्रीश्री रविशंकर रक्तदान केंद्र में आयोजित किया गया। शिविर में बडी संख्या में समाज के जागरूक युवाओं व महिलाओं ने मानव सेवा व जीवन दान हेतु अपना बहुमूल्य रक्तदान कर पूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि निर्मल गहलोत व करणसिंह राठौड़ ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। शिविर में रक्तदाता सुरेन्द्र राठौड़, मुरली मनोहर उपाध्याय, हार्दिक पंवार, राहुल जाना, रवि प्रजापत, शिवम सोलंकी के साथ अन्य कई जागरूक युवाओं और महिलाओं ने रक्तदान कर समाज को रक्तदान की प्रेरणा देते हुए नियमित रूप से रक्तदान का संकल्प लिया।

गैस सिलेण्डर के लिए उपभोक्ता परेशान

रेवदर, (निसं)। रेवदर ग्रामीण क्षेत्र में गैस बुकिंग को ग्रामीण क्षेत्र में गैस बुकिंग को लेकर उपभोक्ता परेशान नजर आ रहे है। रेवदर ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन की बाध्यता से उपभोक्ताओं की बढी मुश्किलें, पहले जहां उपभोक्ताओं को 25 दिन बाद गैस सिलेंडर बुक करने की सुविधा मिलने का किया जा रहा था दावा, वहीं अब यह अवधि बढाकर ग्रामीण क्षेत्र में कर दी 45 दिन, एक बार सिलेंडर लेने के बाद उपभोक्ताओं द्वारा दोबारा बुकिंग करने के लिए सभी कंपनियों की एप या अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर, जाते हैं तो उन्हें 45 दिन पूरे होने का निर्देश दिखाया जा रहा है।

डॉ. अशोक तंवर चुनव कराएंगे

जैसलमेर, (नि.सं.)। हजूरी समाज सरंक्षक मण्डल संयोजक भैंरूसिंह द्वारा समाज सेवा सदन मे शुक्रवार को आवश्यक बेठक रखी गई। बैठक में समाज परिषद अध्यक्ष के चुनाव को लेकर डॉ. अशोक तंवर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं विक्रमसिंह जंगा को उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 12अप्रैल को करवाया जायेगा।

'नामांकन बढ़ाएं, अनामांकित-ड्रॉप आउट बच्चों को जोड़ें'

जालोर विकास खंड के पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों की बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (साबीर)। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जबरसिंह देवडा की अध्यक्षता में विकास खंड जालोर के समस्त पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों एवं शहरी संकुल प्रारंभिक शिक्षा अधिकारीयो की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु नवीन सत्र 2026-27 में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के तहत नामांकन वृद्धि रहा। आंगनवाडी समन्वयन सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक के दौरान पीईईओ एवं यूसीईईओ द्वारा अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए।प्रशासनिक एवं फील्ड से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों ने फील्ड स्तर पर कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ रमेश खोरवाल ने बताया कि शाला प्रवेशोत्सव योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, विद्यालय भवन संबंधी कार्यों तथा आवश्यक प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्र िया को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाये।

नामांकन एवं प्रवेशोत्सव के अंतर्गत ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी जबर सिंह देवडा ने नवीन सत्र में प्रवेशोत्सव अभियान की रूपरेखा को विस्तार से बताया गया। उन्होंने हाउस होल्ड सर्वे के माध्यम से नामांकन बढाने अनामांकित एवं ड्रॉप-आउट बच्चों को मुख्यधारा से जोडने पर विशेष जोर दिया।

लाडो योजना एवं विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ पात्र विद्यार्थियों को समय पर दिलाने, तथा निशुल्क पाठ्य पुस्तकों एवं वर्क बुक का विद्यार्थियों में शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा मांगी जाने वाली सूचना निर्धारित अवधि में भिजवाने ,आर.टी.आई. से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण तथा शाला दर्पण पोर्टल के सुव्यवस्थित संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए ।

डी.आर.एम. ने जोधपुर-मेड़ता रोड रेल खंड का नाइट निरीक्षण किया

जोधपुर, (कासं) । उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने गुरुवार को मंडोर एक्सप्रेस ट्रेन से जोधपुर-मेड़ता रोड रेलखंड पर रात्रिकालीन विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संरक्षा,सुरक्षा एवं रेलखंड की परिचालन व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन किया।

ट्रेन संख्या 22996,जोधपुर-दिल्ली मंडोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस से किए गए निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने ट्रैक संरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए ट्रैक ज्योमेट्री,राइड क्वालिटी तथा सुधार योग्य स्थानों का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

डीआरएम द्वारा निरीक्षण के दौरान रेलखंड में सुरक्षा की दृष्टि से फेंसिंग की स्थिति का भी बारीकी से अवलोकन किया गया जहां-जहां फेंसिंग क्षतिग्रस्त या अनुपस्थित पाई गई वहां तत्काल मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिए गए। ट्रेन परिचालन की समीक्षा करते हुए त्रिपाठी ने समयपालन, संरक्षा मानकों के अनुपालन तथा रात्रिकालीन संचालन को सुचारू बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही सिग्नलिंग प्रणाली का गहन परीक्षण करते हुए सिग्नलों की कार्यक्षमता,दृश्यता एवं विश्वसनीयता की जांच कर सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान झाड़ियों की कटाई, स्वच्छता, ट्रॉली रिफ्यूज, ब्रिज एप्रोच तथा ट्रैक के आसपास के वातावरण का भी मूल्यांकन किया तथा संबंधित विभागों को सभी सुधारात्मक कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मंडल रेल प्रबंधक ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए उच्चतम संरक्षा मानकों एवं आधारभूत संरचना के बेहतर रख-रखाव को सुनिश्चित करने के निर्दश दिए।

मानसरोवर में राम नाम गूंजा

जोधपुर में पाल रौड स्थित मानसरोवर कॉलोनी के मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया।

जोधपुर, (का.सं.)। जोधपुर शहर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के प्रमुख मंदिरों में देर रात तक भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

पाल रौड स्थित मानसरोवर कॉलोनी में मानसरोवर मंदिर विकास समिति द्वारा संचालित मानसरोवर बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव श्रध्दा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर कोलोनी वासीयों ने सामूहिक रूप से संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया व हनुमान चालीसा की। पूरे आयोजन स्थल पर जय श्रीराम और बजरंग बली की जय के जयकारे गूंजते रहे। वहीं मंदिर के पुजारी के सानिध्य में महाआरती का आयोजन हुआ। आरती के पश्चात सवामणी का हनुमान जी के भोग लगाया गया। व जन्मोत्सव समारोह में शामिल हुए सभी भक्तों महाप्रसादी खिलाई गई।

वरिष्ठ नागरिक संस्थान का प्रदेश सम्मेलन 4 से

जालोर, (कासं)। वरिष्ठ नागरिक संस्थान का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 4-5 अप्रैल को चित्तौड़गढ़ में आयोजित किया जाएगा जिसमें जालोर जिले से 16 वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में अपनी सहभागिता निभाएंगे।

वरिष्ठ नागरिक संस्थान के जिला अध्यक्ष ऋषि कुमार दवे ने बताया कि जालोर जिले से पूर्व में नामांकित हुए 16 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधि मंडल 4 अप्रैल को प्रात: 9 बजे चित्तौडगढ के लिए प्रस्थान करेगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में सत्र 2026-29 की प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव भी संपन्न होंगे। जालोर जिले से चार पदाधिकारी मतदान में भाग लेंगे।

रक्तदान किया

जालोर, (कासं) । आर्य वीर दल के संगठन मंत्री कांतिलाल आर्य ने एक यूनिट खून देकर एक युवक की जान बचाई।ओटवाला निवासी हरिया देवी की दुर्घटना होने पर रक्तदान किया। आर्य वीर दल के सरक्षक दलपत सिंह आर्य, अध्यक्ष कृष्ण कुमार, संचालक प्रशांत आर्य,महामंत्री शिवदत्त आर्य, कोषाध्यक्ष विनोद आर्य , शाखानायक कन्हैयालाल मिश्रा व गणपत आर्य आर्य का आभार जताया है।

शिक्षक संघ शेखावत ने ग्रीष्मावकाश में कटौती का किया विरोध

जालोर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने शिक्षा विभाग की ओर से ग्रीष्मावकाश में कटौती करने की कडी आलोचना की है। विभाग द्वारा यह निर्णय राजस्थान की भौगोलिक परिस्थिति और जून के अंत तक पडने वाली भयंकर गर्मी को जानबूझकर नजरअंदाज करके लिया गया है। बताया कि विभाग का यह फैसला बालकों को संकट मे डालने वाला और शिक्षकों के हितों पर कुठाराघात है। इसी प्रकार विभाग द्वारा अन्य अवकाशों में मनमाने ढंग से की गई कटौती निंदनीय है।

राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) के अनुसार विभाग ने अन्य मुद्दों पर अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए शिक्षण समय बढाने और शिक्षा की गुणवत्ता बढाने के नाम पर विभाग ने यह गलत निर्णय लिया है जबकि विद्यार्थियों का शिक्षण समय बढाने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक है कि शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्यों से पूर्णतया मुक्त किया जाए, नई नियुक्तियों तथा पदोन्नति से समस्त खाली पदों को अविलंब भरा जाए, शिक्षकों को मोबाइल से पूर्णत: मुक्त रखते हुए ऑनलाइन कार्यों के लिए प्रत्येक विद्यालय में अलग से स्टाफ की व्यवस्था की जाए, प्रत्येक विद्यालय में सफाई कर्मी व सहायक कर्मचारी नियुक्त किये जायें, पर्याप्त भौतिक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएं।

विशेष रूप से यह ध्यान रखा जाए कि शिक्षण मशीनी कार्य नहीं है और इसलिए शिक्षकों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार बंद किया जाए तथा अध्यापकों को न्यायपूर्ण स्थानांतरण का अवसर प्रदान कर वर्षों की प्रताडना को समाप्त किया जाए। सरकार तथा विभाग के आला अधिकारियों की प्रदेश की सामाजिक व धार्मिक विविधता के प्रति अनास्था और शिक्षकों के जायज परिलाभों के प्रति द्वेषता को संस्था प्रधान के क्षेत्राधिकार वाले अवकाशों को घटाकर एक दिन कर देने से समझा जा सकता है।

ज्ञातव्य है कि राज्य कर्मचारियों को एक वर्ष में दो दिन का ऐच्छिक अवकाश देय है जबकि शिक्षकों के इस अधिकार को संस्था प्रधान को प्रत्यायोजित कर दिया गया था और अब इस पर भी तलवार चला दी गई है। यह अस्वीकार्य है।राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) की मांग है कि इन प्रतिगामी बदलावों को रद्द किया जाए और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने वाले सकारात्मक एवं प्रगतिशील कदम उठाये जाए।

चुनाव 5 को

जालोर, (कासं)। जिला रावणा राजपूत महासभा एवं युवा महासभा संस्था जालोर तहसील शाखा आहोर के महासभा व युवा महासभा तहसील अध्यक्ष चुनाव 5 अप्रैल को होंगे।

जिला मुख्य चुनाव अधिकारी श्रवण सिंह सिसोदिया ने बताया कि जिला रावणा राजपूत महासभा एवं युवा महासभा तहसील शाखा आहोर के तहसील अध्यक्ष महासभा एवं युवा महासभा के चुनाव 5 अप्रैल को आहोर स्थित छात्रावास एवं सभा भवन में होंगे। जिला अध्यक्ष महासभा राजू सिंह राजपुरा, जिलाध्यक्ष युवा महासभा सूर्यपाल सिंह मांगलिया के साथ वर्तमान तहसील अध्यक्ष महासभा दलपत सिंह, युवा महासभा तहसील अध्यक्ष रेवतसिंह मांगलिया, नगर अध्यक्ष आहोर परबत सिंह राजावत व युवा नगर अध्यक्ष भवानी सिंह नाथावत के साथ आहोर तहसील के पदाधिकारी व समाज बंधु उपस्थित रहेंगे। चुनाव जिला मुख्य चुनाव अधिकारी व चुनाव समिति निष्पादित करवाएंगे।

पाली में नव नियुक्त जिला कलेक्टर रविंद्र गोस्वामी का कनिष्क शर्मा के नेतृत्व में ब्राह्मण युवा महासभा ने स्वागत किया। जिलाध्यक्ष मनु शर्मा, पप्पू शर्मा, दशरथ राजपुरोहित, पीयूष शर्मा, पंडित कृष्ण कुमार शास्त्री, सत्यनारायण गौड़, दीपक जोशी, अभिषेक पारीक, पुलकित शर्मा, अशोक शर्मा, उत्कर्ष शर्मा, अशोक भाटी, पवन पांडेय, नमन शर्मा, पंकज शर्मा मौजूद रहे। फोटो-राष्ट्रदूत

सार्वजनिक शौचालय बनने के बाद शुरू नहीं

रेवदर, (निसं)। रेवदर के निकट मकावल पंचायत (जिला सिरोही, राजस्थान) में पंचायत भवन और सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण तो कराया गया, लेकिन आज तक उन्हें चालू नहीं किया गया। पंचायत भवन के अंदर बने शौचालय इतने खराब और गंदगी से भरे हुए हैं कि उन्हें देखना भी मुश्किल है। वर्षों से उनकी कोई सफाई नहीं हुई है, न ही उनमें पानी की कोई व्यवस्था की गई है, जिससे वे पूरी तरह अनुपयोगी बन चुके हैं। इतना ही नहीं, पंचायत भवन के बाहर मेन रोड के बिल्कुल पास बनाए गए सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति और भी बदतर है।

शौचालयों के आसपास पौधे उग आए हैं, चारों तरफ कूडा-कचरा फैला हुआ है और गंदगी है।

फॉर्म जी

अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

उशदेव विंडपार्क प्राइवेट लिमिटेड (सीआईआरपी के अंतर्गत)

विद्युत उत्पादन जिसका पंजीकृत कार्यालय डोर संख्या 262/2, द्वितीय तल, जेपी कॉम्प्लेक्स, द्वितीय मिडिल स्ट्रीट, टीएनईबी, तिरुनेलवेली, महाराजनगर, पलायमकोट्टई, तमिलनाडु - 627011 के क्षेत्र में कार्यरत

दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36A(1) के अधीन

प्रासंगिक विवरण

1.	पैन/सीआईएन/एलएलपी संख्या के साथ कॉर्पोरेट ऋणदाता का नाम	उशदेव विंडपार्क प्राइवेट लिमिटेड सीन: U40300TN2012PTC088608 पैन: AABCU5388F
2.	पंजीकृत कार्यालय का पता	पंजीकृत कार्यालय: सं. 262/2, दूसरी मंजिल, जेपी कॉम्प्लेक्स, दूसरी मिडिल स्ट्रीट, महाराजनगर, तिरुनेलवेली, तमिलनाडु - 627011, भारत, पूर्व पंजीकृत कार्यालय: सं. ए9, पहली मंजिल, (पुराना सं. 18) पार्सन कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सं. 600, माउंट रोड, चेन्नई, तमिलनाडु 600006, भारत
3.	वेबसाइट का यूआरएल	एनए
4.	उस स्थान का विवरण जहां अचल संपत्तियों का बहुमत स्थित है	विंडमिल्स जहाँ स्थित है: जैसलमेर - राजस्थान नंदुरबार-महाराष्ट्र बेल्लारी - कर्नाटक
5.	कॉर्पोरेट ऋणदाता के मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता	प्रत्येक विंड टर्बाइन में 1.5 डें से 2.1MW का WTG लगा है।
6.	पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य	वर्ष 2024-2025 के वित्तीय विवरण के अनुसार, परिचालन से प्राप्त राजस्व 96,770/- रुपये था।
7.	कर्मचारियों/श्रमिकों की संख्या	शून्य
8.	दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरणों (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूची, प्रक्रिया की बाद की घटनाओं हेतु प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण यहां उपलब्ध हैं:-	संभावित समाधान आवेदक, इस ईमेल पते पर अनुरोध भेजकर मेल के माध्यम से विवरण प्राप्त कर सकते हैं: cirp.ushdevwindpark@gmail.com
9.	संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है:	संभावित समाधान आवेदक, इस ईमेल पते पर अनुरोध भेजकर मेल के माध्यम से विवरण प्राप्त कर सकते हैं: cirp.ushdevwindpark@gmail.com
10.	रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि	27-04-2026
11.	संभावित संकल्प आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि	02-05-2026
12.	अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	07-05-2026
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तारीख	12-05-2026
14.	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तारीख	12-05-2026
15.	समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	11-06-2026
16.	रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए ईमेल आईडी प्रक्रिया	cirp.ushdevwindpark@gmail.com
17.	एमएसएमई के रूप में कॉर्पोरेट देनदार की पंजीकरण स्थिति का विवरण	UDYAM-MH-19-0070931

एसडी/-
अखिल आहूजा (अधिकृत प्रतिनिधि)
मैवेंट रीस्ट्रक्चरिंग सर्विसेज एलएलपी
रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल
IBBI पंजीकरण सं. IBBI/IPA-0154/IPA-3/2023-2024/50058
एएफए वैधता संख्या- 31.12.2026
संचारित और पंजीकृत पता: एस ब्लॉक, 376, पंचशील पार्क, नई दिल्ली- 110017 और: फ्लोर नंबर 8, फ्लैट नंबर 803, चांदक कॉर्नरस्टोन, डेविड एस. बैरेटो रोड, अपर वर्ली, मुंबई, मुंबई, महाराष्ट्र- 400018
संचारित ईमेल cirp.ushdevwindpark@gmail.com
तिथि : 04.04.2026
स्थान: नई दिल्ली
पंजीकृत ईमेल: caakhilahuja@gmail.com, मोबाइल: +91-99101 97049

वैल्यू बेस्ड जस्टिस द सोल ऑफ लॉ विषय पर संगोष्ठी आयोजित

जालोर, (कासं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन जूरिस्ट विंग, एवं बार एसोसिएशन जालोर के संयुक्त तत्वावधान में वैल्यू बेस्ड जस्टिस द सोल ऑफ लॉ विषय पर एक प्रेरणादायक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ।

जालोर सेवा केंद्र प्रभारी राज योगी ने ब्रह्माकुमारी रंजू बहन ने कार्यक्रम में आये सभी मेहमानों का शब्दों के माध्यम से स्वागत किया और कार्यक्रम उपस्थित सभी अधिवक्ता एवं अतिथिगण को राजयोग की जानकारी लेने के लिए केंद्र पर आने का निमंत्रण दिया। मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश के न्यायाधीश एवं जूरिस्ट विंग आरईआरएफ के वाइस चेयरपर्सन भगवान दास राठी ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया पर मूल्यों के विपरीत अभिव्यक्तियां न्याय व्यवस्था के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। उन्होंने बताया कि न्याय केवल कानून, साक्ष्य और दस्तावेजों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और परिवार में भी न्याय-अन्याय का संतुलन आवश्यक है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे टैंक में जैसा पानी होगा, वैसा ही नल में आएगा, उसी प्रकार मूल्यहीन व्यक्ति का कार्य भी वैसा ही होगा। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज के लक्ष्य-पवित्रता एवं सकारात्मक एकाग्रता-पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मेडिटेशन से मन को शक्तिशाली बनाया जा सकता है। जिला एवं फैमिली कोर्ट जालोर के न्यायाधीश अमर वर्मा ने कहा कि राजयोग आध्यात्मिक उत्कृष्टता प्रदान करता है, जिससे तनाव का स्तर कम होता है और व्यक्ति अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभा सकता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में अपने विचारों को बदल सकता है। नेशनल कोऑर्डिनेटर जूरिस्ट विंग आबूराज, डॉ. नथमल ने कहा कि न्यायपालिका पर समाज की बहुत बडी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि आज समाज में बढते मनोविकार, विशेषकर क्रोध, अपराधों का कारण बन रहे हैं। ऐसे में अधिवक्ताओं को आगे आकर लोगों में आंतरिक शक्तियों को जागृत करना होगा।

बी.के. लता आर. अग्रवाल, नेशनल कोऑर्डिनेटर जूरिस्ट विंग आबूराज ने कहा कि जीवन रूपी नाटक में यदि हीरो पार्ट निभाना है तो स्वयं को संस्कारों और मूल्यों से सजाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि परमात्मा ने इस सृष्टि रूपी नाटक की रचना की है, जिसमें प्रत्येक आत्मा एक भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि एक दिन में लगभग चालीस हजार विचार चलते हैं और अधिक सोचने से तनाव बढता है, इसलिए लॉ के साथ-साथ लव भावना फॉर जस्टिस का होना आवश्यक है। जिला उपभोक्ता कोर्ट जालौर के अध्यक्ष माननीय घनश्याम यादव ने कहा कि न्याय व्यवस्था में मूल्यों का समावेश अत्यंत आवश्यक है, जिससे समाज में संतुलन और शांति स्थापित हो सके।

बार एसोसिएशन जालौर के अध्यक्ष खसाराम परिहार ने भी अपने उद्बोधन में शुभ प्रेरणाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में रिटायर्ड सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर, पीएचईडी जालौर भंवरलाल सुथार ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन बीके अस्मिता दीदी, राजयोग शिक्षिका पचपदरा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में बीके मीनाक्षी (सिणधरी), बीके पवनी (सायला), बीके रिंकू (पोकरण), बीके शिल्पा, बीके ज्योति (चांदराई), लक्ष्मी नारायण, डॉ. पुंसल, बीके ललित, उम्मेद सिंह चरण,विक्रम प्रकाश, बीके सुरेश, विद्या, रवि, बीके जसवीर सहित कई अधिवक्ता एवं लोग उपस्थित रहे।